ISSN : 2582-6360

# विश्व दीप दिव्य संदेश

## मासिक शोध पत्रिका

वर्ष 28 | अंक 03 विक्रम संवत् 2080 मार्च 2024| पृष्ठ 34

संरक्षक : विश्वगुरु महामण्डलेश्वर परमहंस श्री स्वामी महेश्वरानन्दपुरीजी



प्रकाशक

**विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान**

(राजस्थान संस्कृत अकादमी एवं
जगद्गुरुरामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय से सम्बद्ध)

कीर्ति नगर, श्याम नगर, सोढाला, जयपुर

Narayan

ISSN : 2582-6360

# विश्व दीप दिव्य संदेश

मासिक शोध पत्रिका

वर्ष 28 | अंक 03 विक्रम संवत् 2080 मार्च 2024 | पृष्ठ 34

परामर्शदाता

देवर्षि कलानाथ शास्त्री

प्रो. बनवारीलाल गौड़

प्रो. दयानन्द भार्गव

प्रो. कैलाश चतुर्वेदी

डॉ. शीला डागा

प्रो. (डॉ.) गणेशीलाल सुथार

प्रधान सम्पादक

श्री सोहन लाल गर्ग

श्री एम.एल. गर्ग

सम्पादक

डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा

सह-सम्पादक

डॉ. रघुवीर प्रसाद शर्मा

श्री कपिल अग्रवाल

तिबोर कोकेनी

श्रीमती अन्या वुकादिन

- प्रमुख संरक्षक -

परम महासिद्ध अवतार श्री अलखपुरी जी

परम योगेश्वर स्वामी श्री देवपुरी जी

- प्रेरणास्त्रोत -

भगवान् श्री दीपनारायण महाप्रभुजी

- संस्थापक -

परमहंस स्वामी श्री माधवानन्द जी

- संरक्षक -

विश्वगुरु महामण्डलेश्वर परमहंस

श्री स्वामी महेश्वरानन्दपुरीजी

- प्रबन्ध सम्पादक -

महामण्डलेश्वर स्वामी ज्ञानेश्वर पुरी

प्रकाशक

## विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान

(राजस्थान संस्कृत अकादमी एवं जगद्गुरुरामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय से सम्बद्ध)

कीर्ति नगर, श्याम नगर, सोढाला, जयपुर

**Website :** vgda.in | **Youtube :** www.youtube.com/c/vishwagurudeepashram | **E-mail :** jaipur@yogaindailylife.org

Sponsored by : **Narayan D.O.O. - narayanfoods.com**

# अनुक्रमणिका


| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | सम्पादकीय | डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा | 3 |
| 2. | YOGA SUTRAS OF PATANJALI | Swami Maheshwaranandapuri | 4 |
| 3. | महाशिवरात्रि महोत्सव एवं उसका आख्यान | डॉ. रघुवीरप्रसाद शर्मा | 10 |
| 4. | महाशिवरात्रि व्रत का रहस्य | जयप्रकाश शर्मा | 14 |
| 5. | विदेशों में शिवलिङ्ग-पूजा | म.म. स्वामी ज्ञानेश्वरपुरी | 20 |
| 6. | होलिकोत्सव - एक वैदिक सोमयज्ञ | डॉ. मनीषा शर्मा | 30 |


विश्वदीप दिव्य संदेश पत्रिका का वार्षिक सदस्यता शुल्क **800/- रूपये**

**खाता संख्या : 5013053111**

**IFS Code : KKBK0003541**

मुद्रण : **कन्ट्रोल पी**, जयपुर - मो. : 9549666600

# सम्पादकीय

विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित मासिक शोधपत्रिका का वर्ष 2024 का तृतीय अंक आपके करकमलों में अर्पित करते हुए अत्यधिक हर्ष का अनुभव हो रहा है। भारतीय धर्म-संस्कृति के शोधलेखों का यह संग्रह विद्वानों द्वारा सराहा जा रहा है। यह अंक राजस्थान के कविशिरोमणि महाकवि माघ की जन्म जयन्ती विशेषांक के रूप में प्रकाशित किया जा रहा है जिसमें महाकवि माघ के व्यक्तित्व और कृत्तित्व के विविध पक्षों पर शोधलेखों के माध्यम से प्रकाश डाला गया है। जो अध्येताओं के लिये निश्चित रूप से मार्गदर्शन करेगा। विद्वानों द्वारा नियमित भेजे जा रहे शोधलेख हमारा मनोबल बढ़ा रहे हैं व पत्रिका के महत्त्व को भी आलोकित कर रहे हैं। पूर्व अंकों में सभी उच्चस्तरीय विद्वानों के लेख प्रकाशित हुए हैं।

इसमें सर्वप्रथम महामण्डलेश्वर स्वामी महेश्वरानन्दपुरीजी द्वारा लिखित YOGA SUTRAS OF PATANJALI शोध लेख में पातंजलयोगसूत्र के प्रतिपाद्य की आधुनिक सन्दर्भ में उपयोगिता दर्शायी गयी है। तत्पश्चात् डॉ. रघुवीरप्रसाद शर्मा द्वारा लिखित **'महाशिवरात्रि महोत्सव एवं उसका आख्यान'** नामक शोधलेख में महाशिवरात्रि के पौराणिक एवं वैदिक महत्व को उद्धृत किया गया है। तत्पश्चात् जयप्रकाश शर्मा द्वारा संकलित **'महाशिवरात्रि व्रत का रहस्य'** शोधलेख के पुराणों में उल्लिखित व्रतों के आध्यात्मिक व वैज्ञानिक महत्त्व को प्रकाशित किया है। तत्पश्चात् महामण्डलेश्वर ज्ञानेश्वरपुरी जी द्वारा लिखित **'विदेशों में शिवलिङ्ग-पूजा'** शोध लेख में विदेशों में शिव की व्यापकता को बतलाते हुए पूजा पद्धति का वर्णन किया है। अन्त में डॉ. मनीषा शर्मा द्वारा लिखित **'होलिकोत्सव-एक वैदिक सोमयज्ञ'** नामक शोधलेख में होली पर्व की लौकिक व वैदिक परम्परा को बताकर उपकृत किया है।

आशा है, सुधी पाठक इन्हें रुचिपूर्वक हृदयंगम करने में अपना उत्साह पूर्ववत् बनाये रखेंगे।

शुभकामनाओं सहित....

**-डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा**

# YOGA SUTRAS OF PATANJALI

## A Guide to Self-knowledge

**Mahamandleshwar Paramhans**
**Swami Maheshwaranandapuri**

**20. draṣṭādṛśi-mātraḥśuddho'pipratyaya-anupaśyaḥ**

*draṣṭā – seer*
*dṛśi – to see, ability to see*
*mātra – measure*
*śuddha – pure, clear, perfect*
*api – although*
*pratyaya – understanding, belief, conviction*
*anupaśya – receiving, seeing*

The seer *(ātma*), who is themselves pure and perfect consciousness, perceives everything filtered through the ideas of the mind.

Although the *ātma* is perfect, divine, and pure in their essence, because they are connected with nature in earthly life, they see the world coloured through the glasses of mind and intellect.

As long as inclinations and attachment bind us to the appearances of the outer world, the *ātma* is also in the grip of the *māyā*. They are not free, but caught in the interplay of happiness and suffering.

Our task and goal is to cut these fetters and, by freeing ourselves from all illusion, to reach the higher state of consciousness of oneness (*kaivalya*) and finally liberation (*moksha*).

तदर्थएव दृश्यस्यात्मा ॥ २१ ॥

**21. tad-arthaevadṛśyasya-ātmā.**

*tad – this*
*artha – goal*
*eva – only, alone, truly*
*dṛśyasyaātma – being of the visible*

Only for the sake of this goal (liberation and union with the *ātma*) does the visible world exist.

Patanjali reiterates here that the world exists only for perception and experience by the *ātma*. By detaching themselves from identification with nature and the body – meaning not only the material body but also the subtle "sheaths" (*koshas*) of psyche, mind, intellect, desires and aspirations – the yogi simultaneously frees themselves from the illusion of the *māyā* and attains the clear vision of reality. The aspirant achieves this by gradually giving up attachment to worldly things and finally detaching themselves completely from them. This, however, does not yet mean union with God, but isonly the starting point on the path to becoming one with the divine Self. By detaching themselves from the erroneous identifications with nature, the Yogi comes closer and closer to the light until they finally detach themselves completely in the divine self.

However, as long as the highest and permanent realisation in the *nirbījasamādhi* is not achieved – through external influences and the "seeds" of the *karmas* that still exist in them and can become active – the aspirant can sink back again from this higher state of consciousness, with which the influence of the *gunas*also begins to work again.

Passion is often so powerful that it takes hold in the mind like a hungry bear attacking us in the wild. Hunger, thirst, anger, greed, passion and jealousy are like "predators" that devour us when we fall into their grip. In every life they pursue us, growing stronger instead of weaker. Satisfying a passion only curbs it for the moment. Soon it flares up again and attacks anew.

As spiritual aspirants and yogis, we should be observers and face both the phenomena of the outer and inner world (thoughts, feelings, desires and cravings) as objective witnesses and not let them stop us on the spiritual path.

SrīMahāprabhujī says in a *bhajan:*

Brother *Manas*, go slowly.
You must climb to the House of Heaven.
The night is dark, the path narrow and slippery.
Just beside it there is a precipice
which, if you fall, will swallow you up.
*Indriyas*and *tattvas* caress you with bewitching song,
so that you stop and forget to go on.
They lead you astray and distract you from the right path.

"Brother *Manas*" is our spirit. Step by step, steadily and with firm determination, we should go forward and not be distracted by anything. Whatever may happen, we remain on the path once chosen and take care that we do not fall. "Night" is the darkness of ignorance that surrounds us. The "narrow way" symbolises our limited knowledge. "Slippery" and slippery is the path made by doubt, and the "abyss" into which we are in danger of falling is the wheel of rebirth. The appearances of the *māyā*beguile the mind, which, enraptured by the pretences, is all too easily distracted from the goal.

The *bhajan* goes on to say:
He who tries to go this way without right knowledge,
who tries to follow this path without proper knowledge.
The Sadguru guides you.
Without him you cannot reach the goal.
Mahāprabhūjī says:
SrīDevpurijī, my master,
showed me where to turn.

कृतार्थं प्रतिनष्टमप्यनष्टंतदन्यसाधारणत्वात् ॥ २२ ॥

**22. kṛtārthaṃpratinaṣṭamapy-anaṣṭam tad-anyasādhāraṇatvāt**

*kṛtārtha – one who has attained their goal.*
*prati – although, though*
*naṣṭam – destroyed, disappeared, dissolved*
*api – however*
*anaṣṭam – existing, existent*
*tad – this*
*anya – the others*
*sādhārana – in general*

**Even though the one who has reached the goal detaches themselves from nature, it remains unchanged for all others.**

To one who has detached themselves from the world of appearances and is anchored in the higher consciousness, the world appears unreal like a dream. If this one has succeeded in freeing themselves from the conditionality of nature, this does not mean that nature itself disappears. For everyone else, it is still there. The illusion of the *māyā*dissolves only for that "seeing one" who has recognised and seen through it. For the others, the *māyā*continues to exist unchanged and binds them tightly.

स्वस्वामिशक्त्योःस्वरूपोपलब्धिहेतुः संयोगः ॥ २३ ॥

**23. sva-svāmi-śaktyoḥsvarūpo'palabdhi-hetuḥsaṁyogaḥ**

*sva – self*
*svāmi – lord*
*śakti – energy, power*
*svarūpa – true form, being*
*upalabdhi – understanding, knowledge*
*hetu – cause, reason*
*saṁyoga – connection*

**The reason for the connection of the self with nature is to gain understanding of the**

**true nature of both.**

I am often asked by students for what reason and purpose the self (*purusha*) and nature (*prakriti*) link together. The purpose of this link is so that the self can experience nature through the senses, mind and intellect, but not to be overwhelmed and enslaved by it. The connection of the self with the physical body has only the purpose of experiencing, enjoying and then letting go of the world.

Only in the body can we do something. But our actions can bind us as *karma* only if we see them as "personal" deeds and do them for our own gain or pleasure. By renouncing the fruits, we simultaneously free ourselves from the effect of *karma*. One who sees their life as a prayer and performs all actions as *pūjā*(offerings) is not bound by *karma.*

As long as the self identifies with nature, it is bound to it and has to suffer the problems that arise from this connection (see *sūtras*12-15). If, however, the aspirant can free themselves from this mistaken identification through knowledge (*gyāna*) and realises their true nature, they attain "Self-realisation."

If you do your duty in the name of God and in selfless service to others, then this *karma* does not stick to you. But if you think "I am doing this", "I want to do this, experience this, enjoy this, feel this...", then you connect yourself with your deeds and they bind you.

How does *karma* work? How can actions follow us into the next life? The *karma* follows as a vibration. This vibration can support our development or stand in our way as an obstacle. A negative vibration causes unhappiness, illness or an accident. A positive vibration leads to happy circumstances, health and harmony. Each individual sends out specific vibrations and these guide their life. In this way *karma* is to be understood as an impulse that directs destiny, just as the wind directs the course of a sailing ship. This energy cannot age or perish or be destroyed. It can, however, be purged and thereby changed by turning to the good. A Chinese proverb says: "We cannot change the wind, but we can set the sails differently".

The reason of the connection of *purusha* and *prakriti* has hereby been stated by Patanjali. But what is the cause of the erroneous identification of the *drashtā*(seer,

subject) with the *drishya* (seen, object)?

तस्यहेतुरविद्या ॥ २४ ॥

**24. tasyahetur-avidyā**

*tasya- whose*
*hetu – cause*
*avidyā – ignorance*

**The cause of this is ignorance.**

We are all in search of knowledge (*gyāna*or *vidyā*). As stated in the introduction, there are two types of knowledge: *para vidyā* and *aparavidyā* – spiritual and worldly knowledge.

In daily life we need *aparavidyā*, knowledge and skills that we can acquire through learning and training. This includes the practical things of life such as cooking, writing, reading, sewing, driving, as well as intellectual knowledge such as science, languages, and so on. *Apara vidyā*is always "imperfect" knowledge, that is, it is limited and fragmentary and consequently always associated with ignorance (*avidyā*). Therefore, we always commit errors and mistakes, the consequences of which we often painfully feel.

*Para vidyā*, on the other hand, is knowledge about God and cosmic laws, about the meaning of life, life after death, about *tattvas, gunas, prakriti, purusha....* This knowledge cannot be learned. It can only be explored in meditation and transmitted by a realised master.

# महाशिवरात्रि महोत्सव तथा उसका आख्यान

## फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी

**डॉ. रघुवरीप्रसाद शर्मा**
प्रधानाध्यापक
राजकीय वरष्ठि उपाध्याय संस्कृत विद्यालय, जयपुर

शिवरात्रि का अर्थ वह रात्रि है जिसका शिवतत्त्व के साथ घनिष्ठ सम्बन्ध है। भगवान् शिवजी की अतिप्रिय रात्रि को 'शिवरात्रि' कहा गया है।

शिवार्चन और जागरण ही इस व्रत की विशेषता है। इसमें रात्रिभर जागरण एवं शिवाभिषेक का विधान है।

श्रीपार्वतीजी की जिज्ञासा पर भगवान् शिवजी ने बताया कि फाल्गुन कृष्णपक्ष की चतुर्दशी शिवरात्रि कहलाती है। जो उस दिन उपवास करता है, वह मुझे प्रसन्न कर लेता है। मैं अभिषेक, वस्त्र, धूप, अर्चन तथा पुष्पादि समर्पण से उतना प्रसन्न नहीं होता जितना कि व्रतोपवास से-

**फाल्गुने कृष्णपक्षस्य या तिथिः स्याच्चतुर्दशी।**
**तस्यां या तामसी रात्रिः सोच्यते शिवरात्रिका ।।**

**तत्रोपवासं कुर्वाणः प्रसादयति मां ध्रुवम्।**
**न स्नानेन न वस्त्रेण न धूपेन न चार्चया।**
**तुष्यामि न तथा पुष्पैर्यथा तत्रोपवासतः ।।**

ईशान संहिता में बताया गया है कि फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी की रात्रि को आदि देव भगवान् श्री शिव करोड़ों सूर्यों के समान प्रभावाले लिङ्गरूप में प्रकट हुए।

**फाल्गुनकृष्ण चतुर्दश्यामादिदेवो महानिशि ।**
**शिवलिङ्गतयोद्भूतः कोटिसूर्यसमप्रभः ।।**

## शिवरात्रि व्रत की वैज्ञानिकता तथा आध्यात्मिकता

ज्योतिषशास्त्र के अनुसार फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी तिथि में चन्द्रमा सूर्य के समीप होता है। अतः वही समय जीवनरूपी चन्द्रमा का शिवरूपी सूर्य के साथ योग-मिलन होता है। अतः इस चतुर्दशी को शिवपूजा करने से जीव को अभीष्टतम पदार्थ की प्राप्ति होती है। यही शिवरात्रि का रहस्य है।

महाशिवरात्रि का पर्व परमात्मा शिवके दिव्य अवतरण का मङ्गलसूचक है। उनके निराकार से साकाररूप में अवतरण की रात्रि ही महाशिवरात्रि कहलाती है। वे हमें काम, क्रोध, लोभ, मोह, मत्सरादि विकारों से मुक्त करके परम सुख, शान्ति, ऐश्वर्यादि प्रदान करते हैं।

चार प्रहर की पूजा का विधान चार प्रहरमें चार बार पूजा का विधान है। इसमें शिवजी को पञ्चामृत से स्नान कराकर चन्दन, पुष्प, अक्षत, वस्त्रादि से श्रृंगार कर आरती करनी चाहिये। रात्रिभर जागरण तथा पञ्चाक्षर-मन्त्र का जप करना चाहिये। रुद्राभिषेक, रुद्राष्टाध्यायी तथा रुद्रीपाठ का भी विधान है।

## प्रथम आख्यान

पद्मकल्प के प्रारम्भ में भगवान् ब्रह्मा जब अण्डज, पिण्डज, स्वेदज, उद्भिज्ज एवं देवताओं आदि की सृष्टि कर चुके, एक दिन स्वेच्छा से घूमते हुए क्षीरसागर पहुँचे। उन्होंने देखा भगवान् नारायण शुभ्र, श्वेत सहस्रफणमौलि शेष की शय्या पर शान्त अधलेटे हुए हैं। भूदेवी, श्रीदेवी, श्रीमहालक्ष्मी जी शेषशायी के चरणों को अपने अङ्क में लिये चरण-सेवा कर रही हैं। गरुड, नन्द, सुनन्द, पार्षद, गन्धर्व, किन्नर आदि विनम्रतया हाथ जोड़े खड़े हैं। यह देख ब्रह्माजी को अति आश्चर्य हुआ। ब्रह्माजी को गर्व हो गया था कि मैं एकमात्र सृष्टिका मूल कारण हूँ और मैं ही सबका स्वामी, नियन्ता तथा पितामह हूँ। फिर यह वैभवमण्डित कौन यहाँ निश्चिन्त सोया है । श्रीनारायण को अविचल शयन करते हुए देखकर उन्हें क्रोध आ गया। ब्रह्माजी ने समीप जाकर कहा- तुम कौन हो? उठो! देखो, मैं तुम्हारा स्वामी, पिता आया हूँ।

शेषशायी ने केवल दृष्टि उठायी और मन्द मुसकान से बोले-वत्स! तुम्हारा मङ्गल हो। आओ, इस आसन पर बैठो। ब्रह्माजी को और अधिक क्रोध हो आया, झल्लाकर बोले- मैं तुम्हारा रक्षक, जगत्का पितामह हूँ। तुमको मेरा सम्मान करना चाहिये। इस पर भगवान् नारायण ने कहा- जगत् मुझमें स्थित है, फिर तुम उसे अपना क्यों कहते हो? तुम मेरे नाभि-कमल से पैदा हुए हो, अतः मेरे पुत्र हो। मैं स्रष्टा, मैं स्वामी- यह विवाद दोनों में होने लगा। श्रीब्रह्माजी ने 'पाशुपत' और श्रीविष्णुजी ने 'माहेश्वर' अस्त्र उठा लिया। दिशाएँ अस्त्रों के तेज से जलने लगीं, सृष्टि में प्रलय की

आशंका हो गयी थी। देवगण भागते हुए कैलास पर्वत पर भगवान् विश्वनाथ के पास पहुँचे। अन्तर्यामी भगवान् शिवजी सब समझ गये। देवताओं द्वारा स्तुति करने पर वे बोले-'मैं ब्रह्मा-विष्णु के युद्ध को जानता हूँ। मैं उसे शान्त करूँगा। ऐसा कहकर भगवान् शङ्कर सहसा दोनों के मध्य में अनादि, अनन्त-ज्योतिर्मय स्तम्भ के रूप में प्रकट हुए।'

**शिवलिङ्गतयोद्भूतः कोटिसूर्यसमप्रभः ॥**

माहेश्वर, पाशुपत दोनों अस्त्र शान्त होकर उसी ज्योतिर्लिङ्ग में लीन हो गये।

यह लिङ्ग निष्कल ब्रह्म, निराकार ब्रह्मका प्रतीक है। श्रीविष्णु और श्रीब्रह्माजी ने उस लिङ्ग (स्तम्भ) की पूजा-अर्चना की। यह लिङ्ग फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी को प्रकट हुआ तभी से आज तक लिङ्ग पूजा निरन्तर चली आ रही है। श्रीविष्णु और श्रीब्रह्माजी ने कहा-महाराज ! जब हम दोनों लिङ्ग के आदि-अन्त का पता न लगा सके तो आगे मानव आपकी पूजा कैसे करेगा? इस पर कृपालु भगवान् शिव द्वादश ज्योतिर्लिङ्गमें विभक्त हो गये। महाशिवरात्रि का यही रहस्य है (ईशानसंहिता)।

**द्वितीय आख्यान**

वाराणसी के वन में एक भील रहता था। उसका नाम गुरुद्रुह था। उसका कुटुम्ब बड़ा था। वह बलवान् और क्रूर था। अतः प्रतिदिन वन में जाकर मृगों को मारता और वहीं रहकर नाना प्रकार की चोरियाँ करता था। शुभकारक महाशिवरात्रि के दिन उस भील के माता-पिता, पत्नी और बच्चों ने भूख से पीड़ित होकर भोजन की याचना की। वह तुरंत धनुष लेकर मृगों के शिकार के लिये सारे वन में घूमने लगा। दैवयोग से उस दिन कुछ भी शिकार नहीं मिला और सूर्य अस्त हो गया। वह सोचने लगा- अब मैं क्या करूँ? कहाँ जाऊँ? माता-पिता, पत्नी, बच्चों की क्या दशा होगी? कुछ लेकर ही घर जाना चाहिये, यह सोचकर वह व्याध एक जलाशय के समीप पहुँचा कि रात्रि में कोई-न-कोई जीव यहाँ पानी पीने अवश्य आयेगा-उसी को मारकर घर ले जाऊँगा। वह व्याध किनारे पर स्थित बिल्ववृक्ष पर चढ़ गया। पीने के लिये कमर में बँधी तुम्बी में जल भरकर बैठ गया। भूख- प्यास से व्याकुल वह शिकार की चिन्ता में बैठा रहा।

रात्रि के प्रथम प्रहर में एक प्यासी हरिणी वहाँ आयी। उसको देखकर व्याध को अति हर्ष हुआ, तुरंत ही उसका वध करने के लिये उसने अपने धनुष पर एक बाण का संधान किया। ऐसा करते हुए उसके हाथ के धक्के से थोड़ा-सा जल और बिल्वपत्र टूटकर नीचे गिर पड़े। उस वृक्ष के नीचे शिवलिङ्ग विराजमान था। वह जल और बिल्वपत्र शिवलिङ्ग पर गिर पड़ा। उस जल और बिल्वपत्र से प्रथम प्रहर को शिव-पूजा सम्पन्न हो गयी। खड़खड़ाहट की ध्वनि

से हरिणी ने भयसे ऊपर की ओर देखा। व्याध को देखते हो मृत्युभय से व्याकुल हो वह बोली-व्याध! तुम क्या चाहते हो, सच-

सच बताओ। व्याधने कहा- मेरे कुटुम्बके लोग भूखे हैं, अतः तुमको मारकर उनकी भूख मिटाऊँगा। मृगी बोली-भील। मेरे मांस से तुम को, तुम्हारे कुटुम्ब को सुख होगा, इस अनर्थकारी शरीर के लिये इससे अधिक महान् पुण्यका कार्य भला और क्या हो सकता है? परंतु इस समय मेरे सब बच्चे आश्रम में मेरी बाट जोह रहे होंगे। मैं उन्हें अपनी बहन को अथवा स्वामी को सौंपकर लौट आऊँगी। मृगी के शपथ खानेपर बड़ी मुश्किल से व्याधने उसे छोड़ दिया। द्वितीय प्रहर में उस हरिणी की बहन उसी की राह देखती हुई, ढूँढ़ती हुई जल पीने वहाँ आ गयी। व्याध ने उसे देखकर बाण को तरकश से खींचा। ऐसा करते समय पुनः पहले की भाँति शिवलिङ्ग पर जल-बिल्व पत्र गिर गये। इस प्रकार दूसरे प्रहर की पूजा सम्पन्न हो गयी। मृगी ने पूछा-व्याध। यह क्या करते हो? व्याध ने पूर्ववत् उत्तर दिया-मैं अपने भूखे कुटुम्ब को तृप्त करनेके लिये तुझे मारूँगा। मृगी ने कहा-मेरे छोटे-छोटे बच्चे घर में हैं। अतः मैं उन्हें अपने स्वामी को सौंपकर तुम्हारे पास लौट आऊँगी। मैं बचन देती हूँ। व्याध ने उसे भी छोड़ दिया।

व्याध का दूसरा प्रहर भी जागते-जागते बीत गया। इतने में ही एक बड़ा हृष्ट-पुष्ट हिरण मृगी को ढूँढ़ता हुआ आया। व्याधके बाण चढ़ाने पर पुनः कुछ जल-बिल्व पत्र लिङ्गपर गिरे। अब तीसरे प्रहर की पूजा भी हो गयी। मृगने आवाज से चौंककर व्याध की ओर देखा और पूछा- क्या करते हो? व्याध ने कहा-तुम्हारा वध करूँगा, हरिणने कहा-मेरे बच्चे भूखे हैं। मैं बच्चों को उनकी माता को सौंप कर तथा उनको धैर्य बँधाकर शीघ्र ही यहाँ लौट आऊँगा। व्याध बोला-जो-जो यहाँ आये वे सब तुम्हारी ही तरह बातें तथा प्रतिज्ञा कर चले गये, परंतु अभी तक नहीं लौटे। शपथ खाने पर उसने हिरणको भी छोड़ दिया। मृग-मृगी सब अपने स्थान पर मिले। तीनों प्रतिज्ञाबद्ध थे, अतः तीनों जाने के लिये हठ करने लगे। अतः उन्होंने बच्चों को अपने पड़ोसियों को सौंप दिया और तीनों चल दिये। उन्हें जाते देख बच्चे भी भागकर पीछे-पीछे चले आये। उन सबको एक साथ आया देख व्याध को अति हर्ष हुआ। उसने तरकश से बाण खींचा जिससे पुनः जल-बिल्वपत्र शिवलिङ्ग पर गिर पड़े। इस प्रकार चौथे प्रहर की पूजा भी सम्पन्न हो गयी।

रात्रिभर शिकार की चिन्ता में व्याध निर्जल, भोजन रहित जागरण करता रहा। शिवजी का रञ्चमात्र भी चिन्तन नहीं किया। चारों प्रहर को पूजा अनजाने में स्वतः ही हो गयी। उस दिन महाशिवरात्रि थी। जिसके प्रभाव से व्याध के सम्पूर्ण पाप तत्काल भस्म हो गये।

इतने में ही मृग और दोनों मृगियाँ बोल उठे-व्याध- शिरोमणे ! शीघ्र कृपाकर हमारे शरीरों को सार्थक करो और अपने कुटुम्ब-बच्चों को तृप्त करो। व्याध को बड़ा विस्मय हुआ। ये मृग ज्ञानहीन पशु होने पर भी धन्य हैं, परोपकारी है और प्रतिज्ञापालक हैं मैं मनुष्य होकर भी जीवनभर हिंसा, हत्या और पाप कर अपने कुटुम्बका पालन करता रहा। मैंने जीव-हत्या कर उदरपूर्ति की, अतः मेरे जीवन को धिक्कार है। धिक्कार है!! व्याध ने बाण को रोक लिया और कहा- श्रेष्ठ मृगो! तुम सब जाओ। तुम्हारा जीवन धन्य है!

व्याध के ऐसा कहने पर तुरंत भगवान् शङ्कर लिङ्ग से प्रकट हो गये और उसके शरीर को स्पर्श कर प्रेम से कहा- वर माँगो। 'मैंने सब कुछ पा लिया'- यह कहते हुए व्याध उनके चरणों में गिर पड़ा। श्रीशिवजी ने प्रसन्न होकर उसका 'गुह' नाम रख दिया और वरदान दिया कि भगवान् राम एक दिन अवश्य ही तुम्हारे घर पधारेंगे और तुम्हारे साथ मित्रता करेंगे। तुम मोक्ष प्राप्त करोगे। वही व्याध श्रृंगवेरपुर में निषादराज 'गुह' बना, जिसने भगवान् राम का आतिथ्य किया। वे सब मृग भगवान् शङ्कर का दर्शन कर मृगयोनि से मुक्त हो गये। शाप मुक्त हो विमान से दिव्य धामको चले गये। तब से अर्बुद पर्वतपर भगवान् शिव व्याधेश्वर के नाम से प्रसिद्ध हुए। दर्शन-पूजन करनेपर वे तत्काल मोक्ष प्रदान करने वाले हैं।

यह महाशिवरात्रि व्रत 'व्रतराज' के नाम से विख्यात है। यह शिवरात्रि यमराज के शासन को मिटाने वाली है और शिवलोक को देने वाली है। शास्त्रोक्त विधि से जो इसका जागरण सहित उपवास करेंगे उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होगी। शिवरात्रि के समान पाप और भव मिटाने वाला दूसरा व्रत नहीं है। इसके करने मात्र से सब पापों का क्षय हो जाता है।

# महाशिवरात्रि व्रत का रहस्य

**जयप्रकाश शर्मा**
पाण्डुलिपि विशेषज्ञ
वैदिनक हेरिटेज एवं पाण्डुलिपि शोध संस्थान, जयपुर

महाशिवरात्रि व्रत फाल्गुन मास के कृष्णपक्ष की चतुर्दशी तिथि को किया जाता है। इस व्रत को अर्धरात्रिव्यापिनी चतुर्दशी तिथि में करना चाहिये, चाहे यह तिथि पूर्वा (त्रयोदशीयुक्त) हो, चाहे परा हो। नारदसंहिता के अनुसार जिस दिन फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी तिथि आधी रात के योगवाली हो उस दिन जो शिवरात्रि व्रत करता है, वह अनन्त फल को प्राप्त करता है। इस सम्बन्ध में तीन पक्ष हैं- १-चतुर्दशी को प्रदोषव्यापिनी, २-निशीथ (अर्धरात्रि) व्यापिनी एवं ३-उभयव्यापिनी। व्रतराज, निर्णयसिन्धु तथा धर्मसिन्धु आदि ग्रन्थों के अनुसार निशीथव्यापिनी चतुर्दशी तिथि को ही ग्रहण करना चाहिये। अतः चतुर्दशी तिथि का निशीथव्यापिनी होना ही मुख्य है, परंतु इसके अभाव में प्रदोषव्यापिनी के ग्राह्य होने से यह पक्ष गौण है। इस कारण पूर्वा या परा दोनों में जो भी निशीथव्यापिनी चतुर्दशी तिथि हो, उसीमें व्रत करना चाहिये।

### चतुर्दशी के स्वामी शिव

ज्योतिषशास्त्र के अनुसार प्रतिपदा आदि सोलह तिथियों के अग्नि आदि देवता स्वामी होते हैं, अतः जिस तिथि का जो देवता स्वामी होता है, उस देवता का उस तिथि में व्रत पूजन करने से उस देवता की विशेष कृपा उपासक को प्राप्त होती है। चतुर्दशीतिथि के स्वामी शिव हैं अथवा शिव की तिथि चतुर्दशी है। अतः इस तिथि की रात्रि में व्रत करने के कारण इस व्रतका नाम 'शिवरात्रि' होना उचित ही है। इसीलिये प्रत्येक मास के कृष्णपक्ष की चतुर्दशी में शिवरात्रिव्रत होता है, जो मासशिवरात्रि व्रत कहलाता है। शिवभक्त प्रत्येक कृष्णचतुर्दशी का व्रत करते हैं, परंतु फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी को अर्धरात्रि में 'शिवलिङ्गतयोद्भतः कोटिसूर्यसमप्रभः ' - ईशानसंहिता के इस वचन के अनुसार ज्योतिर्लिङ्ग का प्रादुर्भाव होने से यह पर्व महाशिवरात्रि के नाम से विख्यात हुआ। इस व्रत को ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शुद्र, स्त्री-पुरुष और बाल-युवा-वृद्ध आदि सभी कर सकते हैं। जिस प्रकार श्रीराम, श्रीकृष्ण, वामन और नृसिंह जयन्ती तथा प्रत्येक एकादशी का व्रत हरेक को करना चाहिये, उसी प्रकार महाशिवरात्रि व्रत भी सभी को करना चाहिये। इसे न करने से दोष लगता है।

**व्रत का महत्त्व**

शिवपुराण की कोटिरुद्रसंहिता में बताया गया है कि शिवरात्रि व्रत करने से व्यक्ति को भोग एवं मोक्ष दोनों ही प्राप्त होते हैं। ब्रह्मा, विष्णु तथा पार्वतीजी के पूछने पर भगवान् सदाशिव ने बताया कि शिवरात्रिव्रत करने से महान् पुण्य की प्राप्ति होती है। मोक्षार्थी को मोक्ष की प्राप्ति कराने वाले चार व्रतों का नियमपूर्वक पालन करना चाहिये। ये चार व्रत हैं- १-भगवान् शिव की पूजा, २- रुद्रमन्त्रों का जप, ३-शिवमन्दिर में उपवास तथा ४-काशी में देहत्याग। शिवपुराण में मोक्ष के चार सनातन मार्ग बताये गये हैं। इन चारों में भी शिवरात्रिव्रत का विशेष महत्त्व है। अतः इसे अवश्य करना चाहिये। यह सभी के लिये धर्मका उत्तम साधन है। निष्काम अथवा सकामभाव से सभी मनुष्यों, वर्णों, आश्रमों, स्त्रियों, बालकों तथा देवताओं आदि के लिये यह महान् व्रत परम हितकारक माना गया है। प्रत्येक मास के शिवरात्रि व्रतों में भी फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी में होने वाले महाशिवरात्रि व्रत का शिवपुराण में विशेष माहात्म्य बताया गया है।

**रात्रि ही क्यों?**

अन्य देवताओं का पूजन, व्रत आदि जबकि प्रायः दिन में ही होता है तब भगवान् शङ्कर को रात्रि ही क्यों प्रिय हुई और वह भी फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी तिथि ही क्यों ? इस जिज्ञासा का समाधान विद्वानों ने बताया है कि 'भगवान् शङ्कर संहारशक्ति और तमोगुण के अधिष्ठाता हैं, अतः तमोमयी रात्रि से उनका स्नेह (लगाव) होना स्वाभाविक ही है। रात्रि संहारकालकी प्रतिनिधि है, उसका आगमन होते ही सर्वप्रथम प्रकाश का संहार, जीवों की दैनिक कर्मचेष्टाओं का संहार और अन्त में निद्रा द्वारा चेतनता का ही संहार होकर सम्पूर्ण विश्व संहारिणी रात्रि की गोद में अचेतन होकर गिर जाता है। ऐसी दशा में प्राकृतिक दृष्टि से शिव का रात्रि प्रिय होना सहज ही हृदयङ्गम हो जाता है। यही कारण है कि भगवान् शङ्कर की आराधना न केवल इस रात्रि में ही वरन् सदैव प्रदोष (रात्रिके प्रारम्भ होने) के समय में की जाती है।'

शिवरात्रि का कृष्णपक्ष में होना भी साभिप्राय ही है। शुक्लपक्ष में चन्द्रमा पूर्ण (सवल) होता है और कृष्णपक्ष में क्षीण। उसकी वृद्धिके साथ-साथ संसार के सम्पूर्ण रसवान् पदार्थों में वृद्धि और क्षय के साथ-साथ उनमें क्षीणता होना स्वाभाविक एवं प्रत्यक्ष है। क्रमशः घटते-घटते वह चन्द्रमा 'अमावास्या को बिलकुल क्षीण हो जाता है। चराचर जगत्के यावन्मात्र मन के अधिष्ठाता उस चन्द्र के क्षीण हो जाने से उसका प्रभाव अण्ड-पिण्डवाद के अनुसार सम्पूर्ण भूमण्डल के प्राणियों पर भी पड़ता है और उन्मना जीवों के अन्तःकरण में तामसी शक्तियाँ प्रबुद्ध होकर अनेक प्रकार के नैतिक एवं सामाजिक अपराधों का कारण बनती हैं। इन्हीं शक्तियों का अपर नाम आध्यात्मिक भाषा में भूत-प्रेतादि है और शिवको इनका नियामक (नियन्त्रक) माना जाता है। दिनमें यद्यपि जगदात्मा सूर्यकी स्थिति से आत्मतत्त्व की जागरूकता के कारण ये तामसी शक्तियाँ अपना विशेष प्रभाव नहीं दिखा पाती हैं, किंतु चन्द्रविहीन अन्धकारमयी रात्रि के आगमन के साथ ही वे अपना प्रभाव दिखाने लगती हैं। इसलिये जैसे पानी आने से पहले ही पुल बाँधा जाता है, उसी प्रकार इस

चन्द्रक्षय (अमावास्या) तिथि के आने से सद्यः पूर्व ही उन सम्पूर्ण तामसी वृत्तियों के उपशमनार्थ इन वृत्तियों के एकमात्र अधिष्ठाता भगवान् आशुतोषकी आराधना करने का विधान शास्त्रकारोंने किया है। विशेषतया कृष्णचतुर्दशी की रात्रि में शिवाराधनाका रहस्य है।

**फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी  का रहस्य**

जहाँ तक प्रत्येक मास के कृष्णपक्ष की चतुर्दशी के शिवरात्रि कहलाने की बात है, वे सभी शिवरात्रि ही कहलाती हैं और पञ्चाङ्गों में उन्हें इसी नामसे लिखा जाता है, परंतु फाल्गुन की शिवरात्रि महाशिवरात्रि के नाम से पुकारी जाती है। जिस प्रकार अमावास्या के दुष्प्रभाव से बचने के लिये उससे ठीक एक दिन पूर्व चतुर्दशी को यह उपासना की जाती है, उसी प्रकार क्षय होते हुए वर्ष के अन्तिम मास चैत्र से ठीक एक मास पूर्व फाल्गुन में ही इसका विधान शास्त्रों में मिलता है जो कि सर्वथा युक्ति संगत ही है। साथ ही रुद्रों के एकादश संख्यात्मक होने के कारण भी इस पर्वका ११वें मास (फाल्गुन) में सम्पन्न होना इस व्रतोत्सव के रहस्य पर प्रकाश डालता है।

**उपवास-रात्रि जागरण क्यों ?**

ऋषि-महर्षियों ने समस्त आध्यात्मिक अनुष्ठानों में उपहास को महत्वपूर्ण माना है। गीता (२।५९) की इस उक्ति विषया विनिवर्तन्ते निराहारस्य देहिनः' के अनुसार उपहास विषय-निवृत्ति का अचूक साधन है। अतः आध्यात्मिक साधना लिये उपवास करना परमावश्यक है। उपवास के साथ रात्रिजागरण के महत्त्व पर गीता (२/६९) का यह कथन अत्यन्त प्रसिद्ध है-'या निशा सर्वभूतानां तस्यां जागर्ति संयमी। इसका सीधा तात्पर्य यही है कि उपवासादि द्वारा इन्द्रियों और मनपर नियन्त्रण करने वाला संयमी व्यक्ति ही रात्रि में जागकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये प्रयत्नशील हो सकता है। अतः शिवोपासना के लिये उपवास एवं रात्रिजागरण के अतिरिक्त और कौनसा साधन उपयुक्त हो सकता है? रात्रिप्रिय शिव से भेंट करने का समय रात्रि के अलावा और कौनसा समय हो सकता है? इन्हीं सब कारणों से इस महान् व्रत में व्रतीजन उपवास के साथ रात्रि में जागकर शिवपूजा करते हैं।

**पूजाविधि**

शिवपुराण के अनुसार व्रती पुरुष को प्रातःकाल उठकर स्नान-संध्या आदि कर्म से निवृत्त होने पर मस्तक पर भस्म का त्रिपुण्ड्र तिलक और गले में रुद्राक्ष माला धारण कर शिवालय में जाकर शिवलिङ्ग का विधिपूर्वक पूजन एवं शिव को नमस्कार करना चाहिये। तत्पश्चात् उसे श्रद्धापूर्वक व्रत का इस प्रकार संकल्प करना चाहिये-

**शिवरात्रिव्रतं ह्येतत् करिष्येऽहं महाफलम्।**
**निर्विघ्नमस्तु मे चात्र त्वत्प्रसादाज्जगत्पते ॥**

यह कहकर हाथ में लिये पुष्पाक्षत, जल आदि को छोड़ने के पश्चात् यह श्लोक पढ़ना चाहिये-

**देवदेव महादेव नीलकण्ठ नमोऽस्तु ते।**
**कर्तुमिच्छाम्यहं देव शिवरात्रिव्रतं तव ॥**

**तव प्रसादाद्देवेश निर्विघ्नेन भवेदिति ।**
**कामाद्याः शत्रवो मां वै पीडां कुर्वन्तु नैव हि।।**

अर्थात् हे देवदेव! हे महादेव ! हे नीलकण्ठ। आपको नमस्कार है। हे देव! मैं आपका शिवरात्रि व्रत करना चाहता हूँ। हे देवेश्वर। आपकी कृपा से यह व्रत निर्विघ्न पूर्ण हो और काम, क्रोध, लोभ आदि शत्रु मुझे पीडित न करें।

**रात्रिपूजा**

दिनभर अधिकारानुसार शिवमन्त्र का यथाशक्ति जप करना चाहिये अर्थात् जो द्विज हैं और जिनका विधिवत् यज्ञोपवीत-संस्कार हुआ है तथा नियम पूर्वक यज्ञोपवीत धारण करते हैं, उन्हें 'ॐ नमः शिवाय' मन्त्र का ही जप करना चाहिये, परंतु जो द्विजेतर अनुपनीत एवं स्त्रियाँ हैं, उन्हें प्रणवरहित 'शिवाय नमः' मन्त्र का हो जप करना चाहिये। रुग्ण, अशक्त और वृद्धजन दिन में फलाहार ग्रहणकर रात्रि- पूजा कर सकते हैं, वैसे यथाशक्ति बिना फलाहार ग्रहण किये रात्रि पूजा करना उत्तम है। रात्रि के चारों प्रहरों की पूजाका विधान शास्त्रकारों ने किया है। सायंकाल स्नान करके किसी शिवमन्दिर में जाकर अथवा घर पर ही (यदि नर्मदेश्वर अथवा अन्य इसी प्रकार का शिवलिङ्ग हो) सुविधानुसार पूर्वाभिमुख या उत्तराभिमुख होकर और तिलक एवं रुद्राक्ष धारण करके पूजा का इस प्रकार संकल्प करे-देशकाल का संकीर्तन करने के अनन्तर बोले- 'ममाखिलपापक्षयपूर्वकसकलाभीष्टसिद्धये शिवप्रीत्यर्थं च शिवपूजनमहं करिष्ये।' अच्छा तो यह है कि किसी वैदिक विद्वान् ब्राह्मण के निर्देशन में वैदिक मन्त्रों से रुद्राभिषेक का अनुष्ठान कराया जाय।

व्रती को पूजा की सामग्री अपने पास में रखनी चाहिये- ऋतुकाल के फल-पुष्प, गन्ध (चन्दन), बिल्वपत्र, धतूरा, धूप, दीप और नैवेद्य आदि द्वारा चारों प्रहर की पूजा करनी चाहिये। दूध, दही, घी, शहद और शक्कर से अलग-अलग तथा सब को एक साथ मिलाकर पञ्चामृत से शिव को स्नान कराकर जलधारा से उनका अभिषेक करना चाहिये। चारों पूजनों में पञ्चोपचार अथवा षोडशोपचार, यथालब्धोपचार से पूजन करते समय शिवपञ्चाक्षर ('नमः शिवाय')- मन्त्रसे अथवा रुद्रपाठ से भगवान् का जलाभिषेक करना चाहिये। भव, शर्व, रुद्र, पशुपति, उग्र, महान्, भीम और ईशान इन आठ नामों से पुष्पाञ्जलि अर्पितकर भगवान् की आरती और परिक्रमा करनी चाहिये। अन्त में भगवान् शम्भु से इस प्रकार प्रार्थना करनी चाहिये-

**नियमो यो महादेव कृतश्चैव त्वदाज्ञया।**
**विसृज्यते मया स्वामिन् व्रतं जातमनुत्तमम् ।।**

व्रतेनानेन देवेश यथाशक्तिकृतेन च।
सन्तुष्टो भव शर्वाद्य कृपां कुरु ममोपरि ॥

(शिवपुराण, कोटिरुद्रसंहिता ३८।४२-४३)

अर्थात् 'हे महादेव! आपकी आज्ञा से मैंने जो व्रत किया, हे स्वामिन्! वह परम उत्तम व्रत पूर्ण हो गया।

अतः अब उसका विसर्जन करता हूँ। हे देवेश्वर शर्व!

यथाशक्ति किये गये इस व्रत से आप आज मुझ पर कृपा करके संतुष्ट हों।'

अशक्त होने पर यदि चारों प्रहर को पूजा न हो सके तो पहले प्रहर की पूजा अवश्य करनी चाहिये और अगले दिन प्रातःकाल पुनः स्नान कर भगवान् शङ्कर को पूजा करने के पश्चात् व्रत की पारणा करनी चाहिये। स्कन्दपुराण के अनुसार इस प्रकार अनुष्ठान करते हुए शिवजी का पूजन, जागरण और उपवास करनेवाले मनुष्य का पुनर्जन्म नहीं होता।

इस महान् पर्व के विषय में एक आख्यान के अनुसार शिवरात्रि के दिन पूजन करती हुई किसी स्त्री का आभूषण चुरा लेने के अपराध में मारा गया कोई व्यक्ति इसलिये शिवजी की कृपा से सद्गति को प्राप्त हुआ; क्योंकि चोरी करने के प्रयास में वह आठ प्रहर भूखा-प्यासा और जागता रहा। इस कारण अनायास ही व्रत हो जाने से शिवजी ने उसे सद्गति प्रदान कर दी।

इस व्रत की महिमा का पूर्णरूप से वर्णन करना मानवशक्ति से बाहर है। अतः कल्याण के इच्छुक सभी मनुष्यों को यह व्रत करना चाहिये।

**पर्व का संदेश**

भगवान् शङ्कर में अनुपम सामञ्जस्य, अद्भुत समन्वय और उत्कृष्ट सद्भाव के दर्शन होने से हमें उनसे शिक्षा ग्रहणकर विश्व-कल्याण के महान् कार्य में प्रवृत्त होना चाहिये-यही इस परम पावन पर्व का मानवजाति के प्रति दिव्य संदेश है। शिव अर्धनारीश्वर होकर भी कामविजेता हैं, गृहस्थ होते हुए भी परम विरक्त हैं, हलाहल पान करने के कारण नीलकण्ठ होकर भी विष से अलिप्त हैं, ऋद्धि-सिद्धियों के स्वामी होकर भी उनसे विलग हैं, उग्र होते हुए भी सौम्य हैं, अकिंचन होते हुए भी सर्वेश्वर हैं, भयंकर विषधर नाग और सौम्य चन्द्रमा दोनों ही उनके आभूषण हैं, मस्तक में प्रलयकालीन अग्नि और सिर पर परम शीतल गङ्गाधारा उनका अनुपम शृङ्गार है। उनके यहाँ वृषभ और सिंह का तथा मयूर एवं सर्प का सहज वैर भुलाकर साथ-साथ क्रीडा करना समस्त विरोधी भावों के विलक्षण समन्वय की शिक्षा देता है। इससे विश्व को सह-अस्तित्व अपनाने की अद्भुत शिक्षा मिलती है।

# विदेशों में शिवलिङ्ग-पूजा

**महामण्डलेश्वर स्वामी ज्ञानेश्वरपुरी**
उपाध्यक्ष
विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान, जयपुर

भारतीयों में अनादिकाल से अब तक शिवलिङ्ग-पूजा चली आती है, यह तो प्रत्यक्ष ही है। विदेशों की लिङ्ग-पूजा के सम्बन्ध में कुछ विवाद दीख पड़ता है, इस कारण उसी के विषय में कुछ विचार करना इस लेखका उद्देश्य है। हाँ, तद्विषयक चर्चा के पूर्व पूर्व-पीठिका के रूप में अपने देश की लिङ्ग- पूजा के सम्बन्ध में भी दो-चार शब्द लिख देना आवश्यक है।

ऐसा जान पड़ता है कि भगवान् शिव की पूजा और भक्ति अखिल जगत्में व्याप्त रही है। इस अत्युज्ज्वल शिव-भक्ति का भूमण्डल में सर्वप्रथम प्रचार करने वाले श्रीजगद्गुरु पञ्चाचार्य ही हैं। ये महानुभाव पूज्यचरण श्रीशिवजी की आज्ञा से ही दिव्य देह धारणकर शिवभक्ति-स्थापन के लिये इस भूतल पर अवतरित और समस्त दिशाओं में विचरण करते हुए नास्तिक-मतों का खण्डन कर 'शिव ही सर्वोत्तम हैं, शिव से बढ़कर कोई नहीं है, यह अपार संसार शिवजी से ही उत्पन्न हुआ है, अतः प्रत्येक व्यक्ति को उस परमशिव की ध्यान- धारणा में आसक्त होकर कैवल्य सुख का अनुभव करना चाहिये'—इस उपदेश के द्वारा लोगों के हृदयक्षेत्र में शिव- भक्तिका बीज बो गये। इन्हीं महान् पुरुषों की कृपा से अब तक शिव-भक्ति चली आयी है। शिव-भक्ति के प्रचारक आचार्यो में प्रमुख ये ही आचार्य हुए हैं। इनके समय में जहाँ देखो वहीं शिव-लिङ्गों की स्थापन, शिव-पूजा का वैभव, शिव- मन्त्र का प्रभाव और शिव-भक्ति का जय-जयकार होता नजर आता था। भारत के किसी भी गाँव और खेड़े में जितनी संख्या शिवालयों की मिलेगी उतनी और किसी देवालय की नहीं। गिरि-शिखरों, कन्दराओं, नदियों तथा वन्य प्रदेशों में जहाँ देखो वहाँ शिव-स्थान भरे पड़े हैं। काशी, रामेश्वर, श्रीशैल, केदार आदि महाक्षेत्रों में द्वादश ज्योतिर्लिङ्गों का वैभव अब तक बहुत कुछ देखने में आता है। क्यों न हो, जब कि हमारे ये आचार्यचरण प्राणिमात्र के हृदय में -

**धिग्भस्मरहितं फालं धिग्ग्राममशिवालयम्।**

इस दिव्यवाणी को अमर बना गये हैं। पाश्चात्य देशों में कई प्राचीन शिवालयों के होने का पता लगा है, जिससे अनुमान होता है कि ईसाई मत के प्रचार के पूर्व उन देशों में भी शिव-स्थान निर्माण किये जाते रहे होंगे। किसी-किसी को इस बात से आश्चर्य हो सकता है, परंतु आश्चर्य का कारण नहीं है। कारण, जिन शिवने नव खण्डों को जन्म दिया है, उनका सम्बन्ध उन समस्त खण्डों के साथ होना बिलकुल स्वाभाविक है।

काशी के परम शिव-भक्त कैलासवासी बाबू श्रीबेचूसिंह जी शाम्भव ने अपने 'शिवनिर्माल्यरत्नाकर' नामक ग्रन्थ की प्रस्तावना में फ्रेंचदेशीय लुइस् साहब के ग्रन्थ के आधार पर विदेशों में शिवलिङ्गों के होने का उल्लेख किया है वे लिखते हैं कि उत्तर- अफ्रिका खण्ड के 'इजिप्ट' प्रान्तमें, 'मेफिस' नामक और 'अशीरिस' नामक क्षेत्रों में नन्दीपर विराजमान, त्रिशूलहस्त एवं व्याघ्रचर्माम्बरधारी शिवकी अनेक मूर्तियाँ हैं, जिनका वहाँ के लोग बेलपत्र से पूजन और दूध से अभिषेक करते हैं। तुर्किस्तान के 'बाबीलन' नगर में एक हजार दो सौ फुट का एक महालिङ्ग है। पृथिवीभर में इतना बड़ा शिवलिङ्ग और कहीं नहीं देखने में आया। इसी प्रकार 'हेड्रॉपोलिस' नगर में एक विशाल शिवालय है, जिसमें तीन सौ फुट का शिवलिङ्ग है। मुसल्मानों के तीर्थ मक्काशरीफमें भी 'मक्केश्वर' नामक शिवलिङ्ग का होना शिवलीला ही कहनी पड़ेगी। वहाँ के 'जमजम्' नामक कुएँ में भी एक शिवलिङ्ग है जिसकी पूजा खजूर की पत्तियों से होती है। अमेरिका खण्ड के ब्रेजिल-देश में बहुत-से शिवलिङ्ग मिलेंगे जो अत्यन्त प्राचीन है।

यूरोप के 'कारिन्थ' नगर में तो पार्वती-मन्दिर भी पाया जाता है। इटली के कितने ही ईसाई लोग अब तक शिवलिङ्गों की पूजा करते आये हैं। स्कॉटलैंड (ग्लासगो) में एक सुवर्णाच्छादित शिवलिङ्ग है, जिसकी पूजा वहाँ के लोग बड़ी भक्तिसे करते हैं। 'फीजियन' के 'एटिस' या 'निनिवा' नगरमें 'एषीर' नामक शिवलिङ्ग है। यहूदियों के देश में भी शिवलिङ्ग बहुत हैं, इसी प्रकार अफरीदिस्तान, चित्राल, काबुल, बलख-बुखारा आदि स्थलों में बहुत-से शिवलिङ्ग हैं, जिन्हें वहाँ के लोग 'पञ्चशेर' और 'पञ्चवीर' नामों से पुकारते हैं। अस्तु !

अब हम 'अनाम' देश के शिवालयों के विषय में कुछ विस्तृत विवेचन करेंगे। फ्रेंच-राज्याधीन अनाम देश में अनेक शिव मन्दिर मिलते हैं। यह अनाम इण्डोचाइना में है। इसे प्राचीन काल में 'चम्पा' कहते थे। सुप्रसिद्ध फ्रेंच - शोधकर्ता मि० ए० बर्गेनद्वारा शिवालयों के शिलालेख के सम्बन्ध में लिखित एक बृहदाकार पुस्तक तथा श्री आर० सी० मजूमदार के 'Anceint Indian Colonies in the Far East' (सुदूर पूर्व के प्राचीन भारतीय उपनिवेश) आदि ग्रन्थों से यह पता चलता है कि यहाँ के संस्कृत-शिलालेखोंमें से बानबे लेख शिव-विषयक, तीन विष्णुविषयक, पाँच ब्रह्मा-विषयक, दो शिव और विष्णुविषयक और सात लेख बुद्धविषयक हैं। इन सब लेखों के चित्र उक्त ग्रन्थकर्ताओं की

बदौलत हमारी दृष्टि के सामने आये हैं। इनकी संस्कृतशैली बड़ी सुन्दर है। शिवविषयक अनेक लेखों के आरम्भ में 'ॐ नमः शिवाय' महामन्त्र खुदा हुआ है और तत्पश्चात् वहाँ के राजा और शिवलिङ्गों की गद्य-पद्यों में प्रशंसा है। उस देश के सभी प्राचीन राजा शिवभक्त ही थे और यह कहने में अत्युक्ति न होगी कि भारत के वीरशैवों में भी वैसे 'शिवभक्तशिखामणि' आजकल देखने में नहीं आते। किसी काल में उस देश का 'मीसोन खेड़ा' इस सम्बन्ध में काशी की समानता कर सकता था। वहाँ के सुन्दर शिव मन्दिर तथा उनके विशाल शिलालेख इस बात की साक्षी देते हैं कि शिवभक्ति की इतनी उन्नति भारतवर्ष में शायद ही कभी हुई हो'।

'मीसोन' ग्रामके चौथे शिलालेख में लिखा है कि भद्रवर्मा नामक महाराजाने 'भद्रेश्वर' शिवलिङ्गकी स्थापना की और उसके भोग-राग के लिये महापर्वत और महानदियों के बीच के 'सुलह' और 'कुचक' नामक स्थल भेंट में चढ़ाये। यह लेख ई० स० की पाँचवीं शताब्दी का है। सातवें शिलालेख से पता चलता है कि कालान्तर में 'भद्रेश्वर' का मन्दिर नष्ट हो जानेपर किसी रुद्रवर्मा के पुत्र शम्भुभद्रवर्मा नामक राजाने 'शम्भु- भद्रेश्वर' महादेव की स्थापना की। उक्त शिवलिङ्ग का कुछ वर्णन नीचे दिया जाता है-

**सृष्टं येन त्रितयमखिलं भुर्भुवः स्वः स्वशक्त्या**
**योत्खातंभुवनदुरितं वह्निनेवान्धकारम्।**
**यस्याचिन्त्यो जगति महिमा यस्य नादिर्न चान्त-**
**श्चम्पादेशे जनयतु सुखं शम्भुभद्रेश्वरोऽयम्॥**

कितना भक्तिभावपूर्ण श्लोक है ! इसी से यह भी ज्ञात होता है कि उक्त 'मीसोन' ग्राम के प्रदेश का प्राचीन नाम 'चम्पा' है। इस राजा के बाद पट्टाभिषिक्त क्रमशः महाराजा प्रकाशधर्म और इन्द्रवर्मा तथा कुछ अन्य राजाओं ने इस 'शम्भुभद्रेश्वर' महादेव के प्रति असाधारण भक्ति के प्रमाणस्वरूप उन पर केवल अनेक बहुमूल्य रत्न ही नहीं चढ़ाये, बल्कि अपना 'भक्त' नाम अमर रखने के लिये अनेक शिलालेख भी खुदवाये। उन शिलालेखों में अङ्कित शिवस्तुतियों का कुछ अंश नमूने के तौर पर नीचे दिया जाता है—

१६ वें लेख में—

**यं सर्वदेवाःससुरेशमुख्या ध्यायन्ति तत्तत्त्वविदश्च सन्तः।**
**स्वस्थः सुशुद्धः परमो वरेण्यो ईशाननाथः स जयत्यजत्रम्॥**

**स्मृतिरपि यस्य सकृदपि प्रणिपतितान् तारयत्यपायेभ्यः ।**
**स श्रीभद्रेश्वरोऽस्तु प्रजाहितार्थं तथा प्रभासेशः ॥**

१७ वें लेख में-

**ऐश्वर्यातिशयप्रदो मखभुजां यस्तप्यमानस्तपः कन्दर्पोत्तमविग्रहप्रदहनो हेमाद्रिजायाः पतिः ।**
**लोकानां परमेश्वरत्वमसमं यातोऽनडुद्वाहनो याथातथ्यविशारदास्तु जगतामीशस्य नो सन्ति हि ॥**

**इच्छातीतवरप्रदानवशिनं भक्त्या समाराध्य यं त्रैलोक्यप्रभवप्रभावमहता वृत्रस्य हन्त्रा विना ।**
**भुङ्क्तेऽद्याप्युपमन्युरिन्दुधवलं क्षीरार्णवं बान्धवैः श्रीशानेश्वरनाथ एष भगवान् पायादपायात् स वः ॥**

इसी प्रकार वहाँ के महाराजाओं ने 'श्रीशानभद्रेश्वर' का अनेक लेखों में बखान कर अपनी परमशिवभक्ति का परिचय दिया है। उस शिवलिङ्गमूर्ति की सेवा का खर्च चलाने के लिये एक कोश की स्थापना की थी, जिसका पता १६ वें लेख से लगता है—

**श्रीशानेश्वरकोशं संस्थाप्य यथाविधि स्वभक्तिवशात् ।**
**श्रीमान् प्रकाशधर्मो मुकुटं भद्रेश्वरायादात् ॥**

यह लेख ई० स० ६८७ का है। इतने प्राचीन काल में भी 'बैंक' (कोश) की स्थापना करके महादेव के भोग-रागका प्रबन्ध राजा ने किया, नहीं तो महादेव के 'मुकुट' आदि आभरण नित्य-नये कैसे बनते ? यहाँ 'कोश' शब्दका अर्थ कुछ लोगों ने 'कवच' किया है। एक और परमभक्त नरवाहनवर्मा ने शिवलिङ्ग की वेदी को सोने से बनवाया था। यह बात २१ वें लेख से जो ई० स० ७३० का है, प्रकट होती है-

**नरवाहनवर्मश्रीरकरोत् तां शिलामयीम् ।**
**रुक्मरौप्यबहिर्बद्धां ब्रह्मा मेरुशिखामिव ॥**

**स्वर्णरौप्यमयी लक्ष्मीं बिभ्रती वेदिका पुनः ।**
**विद्युत् भाति शिखा हिमगिरेरिव ॥**

ई० स० ८३५ के ३१ वें लेखमें शम्भुभद्रेश्वर-लिङ्ग के विषय में यह इतिहास भी लिखा है कि इस लिङ्गमूर्तिको शिवजीने आदिकालमें भृगुको दिया था, जिसे आगे चलकर भृगु ने 'उरोज' नामक महाराजा को दिया । इस राजा ने इस लिङ्ग की चम्पा नगरी में स्थापना की। इन महादेव का नाम उरोज महाराज ने 'श्रीशानभद्रेश्वर' रखा था। आजकल यह

लिङ्ग 'वुवन्' नामक पर्वतपर स्थापित है। तत्सम्बन्धी लेख के कुछ उद्धरण नीचे दिये जाते हैं-

**श्रीशान भद्रेश्वरमन्दिरार्के परैः पुरोरोजकृतं विशीर्णम्।**
**पुनर्भवोऽहं स विनाशकांस्तान् हत्वा रणे तस्य पुनः प्रचक्रे ॥**

**श्रीमाञ्च्छ्रीशान भद्रेश्वरममितमुदं स्थापयित्वा ह्युरोजो**
**नाकौकःस्थापनस्याक्षयमुत स वुवन्भूधरस्याङ्कमूर्धम्।**

**कृत्वा चास्तं गतोऽभूत् पुनरहमपरो भावयित्वा विनष्टं**
**स्थानं देवस्य तस्याभिमतरुचि वुवन्स्थापितेशः पुरेष्ट्या ॥**

'उरोज' महाराज के बाद उन के वंशधरों ने भी इन महादेव के वैभव को अक्षुण्ण रखा। इस मन्दिर की अतुल सम्पत्ति को कम्बोडिया देश के लोगों ने अपहरण कर लेने का बारम्बार प्रयत्न किया, परंतु सफल नहीं हुए। प्रत्युत चम्पाधिपति उन्हें हराकर कम्बोडिया से बहुत-सा धन भी लूट लाये और उससे उन्होंने अपने इस प्रसिद्ध मन्दिर का जीर्णोद्धार किया। जयेन्द्रवर्मा महाराज ने ई० स० १०८८ में इन महादेव के लिये अमूल्य रत्नजटित एक स्वर्णकवच समर्पित किया था, जिसमें षण्मुखसहित एक सर्पाकृति बनी हुई थी। कुछ प्रामाणिक कागज पत्रों से यह भी पता लगा है कि यह कवच तौल में १७२० तोले था। अस्सी वर्ष के बाद इसी 'जयेन्द्रवर्मा' नामक राजा ने अत्यन्त भक्ति के साथ अनेक स्वर्ण निर्मित आभरण और पूजा का सामान पुनः समर्पित किया। इस मन्दिर का शिखर बनवाने में तीन हजार तोले (७५ पौण्ड) सोना लगा था। इतना ही नहीं, मन्दिर की सब दीवारें आदि भी चौदह लाख तोले चाँदी (३५०० पौण्ड) से बनवायी थीं।

यह सब विवरण 'म्यास्परो' नामक फ्रेंच विद्वान् की पुस्तक से मालूम हुआ है। इसी प्रकार उस देशके राजाओं ने मन्दिर और महादेव के लिये सुवर्ण, रजत, रत्न और गायक, सेवक, नर्तक - नर्तकियों की भी बहुत बड़ी संख्या का प्रबन्ध किया था। २३ और २४वें लेखों में लिखा है-

**'अथ तस्य तदापि राज्ञेन्द्रवर्मणा पुनः स्थापित- मेव सकलकोशकोष्ठागाररजतसुवर्णमुकुटरत्नहारादिपरि- भोगसान्तःपुरविलासिनीदासदासीगोमहिष क्षेत्रादिद्रव्यं तस्मै तेन दत्तं चित्तप्रसादेन' – 'तस्मै भगवते सकललोकहित- कारणाय श्रीन्द्रभद्रेश्वरायेदमिति स भगवान् श्रीमानिन्द्रवर्मा 'जञ्' कोष्ठागारं शिवयज्ञक्षेत्रद्वयं शिखिशिखागिरिप्रदेशं भक्त्या शुद्धेन मनसैव दत्तवानिति।**

**इन्द्रभद्रेश्वरश्चैव सर्वद्रव्यं महीतले।**
**ये रक्षन्ति रमन्त्येते स्वर्गे सुरगणैः सदा ॥**

**ये हरन्ति पतन्त्येते नरके वा कुलैः सह।**
**यावत्सूर्योऽस्ति चन्द्रश्च तावन्नरकदुःखिताः ॥**

**लुब्धेन मनसा द्रव्यं यो हरेत् परमेश्वरात्।**
**नरकान्न पुनर्गच्छेत् न चिरं तु स जीवति ॥**

यहाँ 'जञ्' का अर्थ है धान्यगृह। इसमें पापी चोरों के लिये फटकार तो है ही, साथ ही मुक्तिमार्ग के पथिकों के लिये अमूल्य उपदेश भी है। कैसी उच्च कोटि की भक्ति है ! धन्य हैं वे जो भगवान् को अपना सर्वस्व समर्पण कर देते हैं।

चम्पादेश (अनाम) के शिवलिङ्गों के अंदर इस 'भद्रेश्वर' का एक मुख्य स्थान होने पर भी वहाँ इससे भी अधिक प्राचीन शिवलिङ्ग विराजमान है। 'एक मुखलिङ्ग के महादेव अति प्राचीन हैं।

इस प्रकार अनाम- देश के राजा कट्टर शिव-भक्त थे, ऐसा जान पड़ता है। शिवलिङ्ग प्रतिष्ठापन और शिव-सेवा को वे अपना मुख्य कर्तव्य मानते थे। उनकी कीर्ति शिव- मन्दिरों से, उनका परमधर्म शिवालयों की रक्षा से, उनका अपार धन शिव के अर्पण से, उनका क्षत्रिय धर्म शिव-द्वेषियों के साथ युद्ध से, जिह्वा शिवनामोच्चारणसे, हाथ पूजा से, नेत्र दर्शन से, पैर तीर्थ-यात्रा से, देह प्रसाद-सेवन से और आत्मा शिव- ध्यान से पवित्र और सफल हो गये थे।

चम्पा देश के राजाओं में शिव-भक्ति के साथ-साथ अपने नाम को भी बनाये रखने की प्रवृत्ति थी। वे प्रायः अपने नाम से ही 'लिङ्ग' की स्थापना करते थे। उदाहरणार्थ-

| **लिङ्ग के नाम** | **संस्थापक** | **राजाओं के नाम** |
|---|---|---|
| भद्रेश्वर | भद्रवर्मा | महाराज |
| शम्भुभद्रेश्वर | शम्भुभद्रवर्मा | महाराज |
| इन्द्रभद्रेश्वर | इन्द्रवर्मा | महाराज |
| इन्द्रभोगेश्वर | इन्द्रवर्मा | महाराज |
| इन्द्रपरमेश्वर | इन्द्रवर्मा | महाराज |
| विक्रान्तरुद्र | विक्रान्तवर्मा | महाराज |

| | | |
|---|---|---|
| विक्रान्तरुद्रेश्वर | विक्रान्तवर्मा | महाराज |
| विक्रान्तदेवाधिभवेश्वर | विक्रान्तवर्मा | महाराज |
| जयगुहेश्वर | जयसिंहवर्मदेव | महाराज |
| प्रकाशभद्रेश्वर | भद्रवर्मदेव | महाराज |
| इन्द्रकान्तेश्वर | इन्द्रवर्मा | महाराज |
| हरिवर्मेश्वर | हरिवर्मा | महाराज |
| जयहरिलिङ्गेश्वर | जयहरिवर्मा | महाराज |
| जयेन्द्रलोकेश्वर | जयेन्द्रवर्मा | महाराज |
| जयेन्द्रेश्वर | जयेन्द्रवर्मा | महाराज |
| इन्द्रवर्मलिङ्गेश्वर | इन्द्रवर्मा | महाराज |
| जयसिंहवर्मलिङ्गेश्वर | जयसिंहवर्मदेव | महाराज |

ये सब बातें २, ७, २३, २४, ३०, ३९, ७४, ७५, ८१, १०८, ११२, ११६वें लेखों में विस्तार से लिखी गयी हैं। इसके अतिरिक्त ४३, ३२, ३५, ३९, ४९वें लेखों से भी देवलिङ्गेश्वर, महालिङ्गेश्वर, शिवलिङ्गेश्वर, महाशिव-लिङ्गेश्वर, धर्मलिङ्गेश्वर आदि लिङ्गों की स्थापना मालूम हो रही है। जैसे कि भारतवर्ष में भी अगस्त्येश्वर, गौतमेश्वर, कपिलेश्वर, मार्कण्डेयेश्वर, व्यासेश्वर, कश्यपेश्वर, रामेश्वर, पृथ्वीदेवेश्वर, लोकेश्वर, त्रैलोक्येश्वर इत्यादि नामके जो लिङ्ग प्रसिद्ध हुए हैं वे सब-के-सब उन-उन नाम वाले महर्षि- महापुरुषोंके ही स्थापित किये हुए हैं।

चम्पा देश के इतिहास को देखने से यह पता चलता है कि वह देश प्राचीन काल में शिवलिङ्गमय था। वहाँ की कई मूर्तियों से ऐसा भी प्रतीत होता है कि वहाँ के लोग शिवजीकी पूजा लिङ्गाकार और मनुष्याकार में भी करते थे। अधिक संख्या लिङ्गाकारों की ही है। वहाँके लिङ्गपीठ चौकोर और गोल हैं।

बाण (लिङ्ग) भी बहुत सुन्दर हैं। कुछ देवालयों में सात-सात लिङ्ग तक स्थापित किये गये हैं। कुछ राजा लोग अपने चेहरे की आकृति के भी लिङ्गों के मुख बनवाकर 'मुखलिङ्ग'' नाम से स्थापित करते थे, यह बात भी शिलालेखों से मालूम होती है। 'ट्राक्य' ग्राम में शिवजी की एक मनुष्याकार मूर्ति मिली है। यह सर्पावेष्टित और जटाजूटधारी खड़े हुए शिवकी है। इसके हाथ-पैरों में कहीं-कहीं चोट लगी है। 'मीसोन' ग्राम में भी इस तरह की एक मूर्ति के हाथों में रुद्राक्षमाला एवं अमृतपात्र हैं। सिपर सुन्दर जटा और ललाटमें अग्नि-नेत्र है। 'यानमुम' ग्राम में एक मूर्ति त्रिनेत्र और त्रिशूलपाणि बैठे

हुए शिव की है। 'ड्रानलाय' ग्राममें नन्दीवाहनमूर्ति विराजती है। कुछ जगहों में ताण्डवेश्वर मूर्तियाँ भी देखी गयी हैं। कुछ मूर्तियों के २, ४, ६, १०, २४, २८ तक हाथ दिखायी पड़ते हैं। अपने देश की भाँति वहाँ भी प्रत्येक शिवमन्दिर के सामने नन्दी स्थापित है। नन्दी की पीठ बहुत सुन्दर बनी है, गले में आभरणस्वरूप छोटी-छोटी घण्टियाँ भी हैं। वहाँ भी देवी की मूर्तियाँ अर्धाङ्गिनी के तौर पर साथ ही स्थापित हैं। 'पोनगर' में कौठारेश्वरी स्थापित हैं, जो वहाँ बहुत समय से पूजा-अर्चा के बाद जंगली लोगों की कृपा से गायब हो गयी थीं और बहुत दिन तक गायब ही रहीं। २६ वें लेख से ज्ञात होता है कि हरिवर्मा महाराज ने ई० स० ८१७ में इन देवी की पुनः स्थापना करायी। पीछे ई० स० ९१८ में इन्द्रवर्मा ने भी इनकी स्वर्णमूर्ति बनवायी थी, जिसका ४५ वें लेख से पता चलता है। शिलालेख का उक्त श्लोक इस प्रकार है-

**व्योमाम्बुराशितनुगे शकराजकाले देवीमिमां भगवतीं कलधौतदेहाम्।**
**एकादशेऽहनि शुचेरसितेऽर्कवारे सोऽतिष्ठिपद्भुवनमण्डलकीर्तिकाङ्क्षी॥**

कुछ दिनों बाद इस देवी की मूर्ति को कम्बोडिया के लोग चुरा ले गये। इस पर जयेन्द्रवर्मा महाराज ने उसकी जगह शिलामूर्ति को स्थापित किया था, जिसका पता ४७ वें लेख से चलता है। ई० स० १०५० में परमेश्वरवर्मा ने इस देवी को रत्नजटित किरीट, चाँदी की प्रभावली और मोरपंख की तरह छत्री आदि सुवर्णाभरण समर्पित किये, जिनका विवरण ५५ वें लेख में है। इस लेख के पहले श्लोक में देवी का और दूसरे में महाराज का वर्णन बहुत सुन्दर, परंतु कूट भाषा और भावों के 1 द्वारा व्यक्त किया गया है। वह इस प्रकार है-

**भूता भूतेशभूता भुवि भवविभवोद्भावभावात्मभावा**
**भावाभावस्वभावा भवभवकभवा भावभावैकभावा।**
**भावाभावाग्रशक्तिः शशिमुकुटतनोरर्धकाया सुकाया।**
**काये कायेशकाया भगवति नमतो नो जयेव स्वसिद्ध्या॥**

**सारासारविवेचनस्फुटमना मान्यो मनोनन्दनः**
**पापापापभयप्रियाप्रियकरः कीर्त्यर्जनैकोद्यमः।**
**लोकालोकिकलौ कलौ सति सतस्त्रातुं भवद्भाविनो**
**भावोद्भावसुभावसद्गुणगणैर्धर्मं तनोत्येव यः॥**

इन श्लोकों को पढ़कर यह कहना पड़ता है कि चम्पादेश में संस्कृत के विद्वानों की कमी न थी और राजाओं के में दरबार भी उनके सम्मान के लिये तैयार थे, नहीं तो संस्कृत- लेखों की इतनी भरमार कैसे होती ? और भी कितने ही

राजाओं के इस देवी के भक्त होने की बात ९७, ९८, ९९, १०५ - १०९वें लेखों से प्रकट होती है।

'डांगफुक' में एक अर्धनारीश्वर - मूर्ति है और कुछ 5 प्रदेशों में विघ्नेश्वर और षण्मुख स्वामी के विग्रह भी पाये गये हैं। इसके अतिरिक्त गणपति-मूर्तियाँ भी बहुत हैं, जिनमें से अधिकांश शिवमन्दिरों में ही स्थापित हैं। २६वें लेख से। 'पोनगर' में गणपति के प्रत्येक मन्दिर के ई० स० ८१७में बनाये जाने की बात मालूम होती है और वहाँ की कुछ गणपति-मूर्तियोंपर शिवलिङ्ग धारण किया हुआ पाया जाता है, जैसे अपने देश में व्यासकाशी के व्यासगुरु घण्टाकर्ण शिवाचार्य के हाथ में, काशी की 'विशालाक्षी' देवी तथा पण्ढरपुर के 'विठोबा' के मस्तक में, बार्शी के 'भगवन्त' के ललाटभाग में एवं अनन्तशयन के 'अनन्तपद्मनाभ' मूर्ति के हाथ में देखा जाता है। अब वहाँ की शिवभक्ति का नमूना परखने के लिये कुछ उद्धरण देते हैं। २१वें लेख में-

**जयति जितमनोजो ब्रह्मविष्णवादिदेवप्रणतपदयुगाब्जो निष्कलोऽप्यष्टमूर्तिः ।**
**त्रिभुवनहितहेतुः सर्वसङ्कल्पकारी परपुरुष इह श्रीशानदेवोऽयमाद्यः ॥**

४२वें लेख में—

**यो भस्मराश्यां बहुसञ्चयायां दिव्यः सुखासीन उरुप्रभावः ।**
**देदीप्यते सूर्य इवांशुमालाप्रद्योतितः खे विगताम्बुदेशे ॥**

उन्तालीसवें लेखमें तो ब्रह्मा, विष्णु के महालिङ्गस्वरूपी शिवजी के आद्यन्त को न देख सकने पर उनका गर्व भङ्ग होने की बात विस्तार से प्रतिपादित है, जो महिम्नः स्तोत्र के 'तवैश्वर्यं यत्नाद्यदुपरि' वाले श्लोक में है।

पैंतीसवें लेखमें शा० सं० ८२० की ज्येष्ठ कृष्ण पञ्चमी में स्थापित की गयी 'शिवलिङ्गेश्वर' मूर्ति के विषयमें विवरण करते हुए लिङ्ग के संस्थापक के लिये 'शिवाचार्य' पद का प्रयोग किया गया है, जिससे यह स्पष्ट हो जाता है कि उस समय वीरशैवों के गुरु 'शिवाचार्य' लोग सभी देशों में भ्रमण करते हुए शिवभक्ति का डंका बजवाते थे। वह श्लोक इस प्रकार है-

**शैवक्रियावित्सुकृतप्रसक्तो देवार्चनाज्ञानसमर्थबुद्धिः।**
**पित्रोर्गुणान् भारतरान् स चित्ते सञ्चिन्त्य पुण्यं स करोतु कीर्त्यै ॥**

**शाके खद्व्यष्टभिर्युक्ते पञ्चाहे शुच्यपाण्डरे ।**
**स्थापितः शिवलिङ्गेशः शिवाचार्येण धीमता ॥**

पैंतालीसवें लेख के-

**मीमांसषट्तर्कजिनेन्द्रसूर्मिः सकाशिकाव्याकरणोदकौधः**
**आख्यानशैवोत्तरकल्पमीनः पटिष्ठ एतेष्विति सत्कवीनाम् ॥**

इस श्लोक से इन्द्रवर्मा की अद्भुत विद्वत्ता की बात जानकर यह आश्चर्य होता है कि भारत से इतनी दूर ये संस्कृत के महापण्डित कैसे होते थे। कुछ भी हो, अनाम-देश की अच्छी तरह समालोचना करने वाले इस लिङ्ग-पूजा की व्यापकता को जानकर गर्व या आनन्द से अवश्य मस्तक ऊँचा करेंगे।

फ्रेंचों के अधीनस्थ 'कम्बोडिया' में भी शिवलिङ्ग विराजमान है। इस देश का प्राचीन नाम 'कम्बोज' मालूम पड़ता है। पहले इस देश के राजा राजेन्द्रवर्माने शा० सं० ८६६में 'अंकोरतोम' नामक यशोधरपुरी के तालाब के बीच शिवलिङ्ग को स्थापित किया था, जो वहीं के 'सियांराप' जिलेके 'बातचोम' स्थान के खंभों के ऊपर खुदे हुए लेख से मालूम होता है।

इतिहासप्रसिद्ध 'जावा' और 'सुमात्रा' द्वीपों में, जिनका प्राचीन नाम क्रमशः 'यव' और 'सुवर्णद्वीप' था, अनेक शिवलिङ्ग हैं। हॉलैंडके लैडन् युनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ० एन० जे० क्रोम् नामक महोदय ने डच भाषाकी एक सचित्र पुस्तक प्रकाशित की है, जिसका नाम है 'यवद्वीप की प्राचीन शिल्पकला'। इस पुस्तक के शिव मन्दिर के चित्रों को देखकर हृदय आनन्दसे खिल उठता है। इस विषय के कितने ही विशेषज्ञों का कहना है कि सुप्रसिद्ध अगस्त्य महर्षि के द्वारा ही इन द्वीपों में शिवभक्ति का खूब प्रचार हुआ, क्योंकि इन्होंने श्रीजगद्गुरु रेणुकाचार्यसे शिवदीक्षा ली थी। वहाँ अगस्त्य की कई मूर्तियाँ मिली हैं, जो रुद्राक्ष आदि शिवचिह्नों से विभूषित हैं। अगस्त्यकी मूर्ति को वहाँ के लोग 'शिवगुरु' के नाम से पुकारते हैं। वहाँ मुसलमानों के आक्रमण होने पर भी शिवभक्ति की कमी नहीं हुई है। सभी लोग असाधारण भक्ति से लिङ्गपूजा करते हैं। जावाद्वीप के बीच 'प्रांबानान' नगर के समीप 'लाराजग्रांग' नामक शिवमन्दिर है। वहाँ इसकी बड़ी प्रसिद्धि है। इस मन्दिर में मनुष्याकार महादेवजी। खड़े हैं। इनकी लंबाई दस फुट है। मूर्ति के सामने नन्दी, दाहिनी ओर ब्रह्मा और बायीं ओर विष्णु की मूर्ति स्थापित है। शिवमूर्ति छिन्न-भिन्न कर दी गयी थी, परंतु डच सरकार ने उसके अवयवों को ठीक-ठीक मिलाकर रखा है। इसी मन्दिर में 'शिवगुरु', 'गणपति', 'दुर्गा' आदि की मूर्तियाँ भी हैं। यह मन्दिर दुमंजिला है। ऊपरके भाग में ही मूर्तियाँ स्थापित हैं। इतिहासज्ञों का मत है कि यह मन्दिर ई० स० ९०५ से पूर्व का नहीं है। 'पनतरन्' नामक ग्राम में भी एक भारी शिवालय है। इसी प्रकार उस देश के अनेक भागों में बहुत-से शिवालय हैं, जो आजकल जीर्णावस्था में पड़े हैं। भूमण्डल के सभी प्रान्तों में शिवालयों को देखकर यह कहने में किसी को संकोच न होगा कि शिवलिङ्ग-पूजा महाव्यापक और अत्यन्त प्राचीन है।

# होलिकोत्सव - एक वैदिक सोमयज्ञ

**डॉ. मनीषा शर्मा**
प्राचार्य
राजस्थान शिक्षक प्रशिक्षण विद्यापीठ, जयपुर

हास-परिहास, व्यंग्य-विनोद, मौज-मस्ती और सामाजिक मेल-जोल का प्रतीक लोकप्रिय पर्व होली अथवा होलिका वास्तव में एक वैदिक यज्ञ है, जिसका मूल स्वरूप आज विस्मृत हो गया है। होली के आयोजन के समय समाजमें प्रचलित हँसी-ठिठोली, गायन-वादन, चाँचर (हुड़दंग ) और कबीर इत्यादि के उद्भव और विकासको समझनेके लिये हमें उस वैदिक सोमयज्ञ के स्वरूप को समझना पड़ेगा, जिसका अनुष्ठान इस महापर्वके मूल में निहित है।

वैदिक यज्ञों में सोमयज्ञ सर्वोपरि है। वैदिक काल में प्रचुरता से उपलब्ध सोमलताका रस निचोड़कर उससे जो यज्ञ सम्पन्न किये जाते थे, वे सोमयज्ञ कहे गये हैं । यह सोमलता कालान्तर में लुप्त हो गयी। ब्राह्मणग्रन्थों में इसके अनेक विकल्प दिये गये हैं, जिनमें पूतीक और अर्जुनवृक्ष मुख्य हैं। अर्जुनवृक्ष को हृदयके लिये अत्यन्त शक्तिप्रद माना गया है। आयुर्वेद में इसके छाल की हृदयरोगों के निवारण के संदर्भ में विशेष प्रशंसा की गयी है। महाराष्ट्र में सम्प्रति सोमयागों के अनुष्ठान में राँशेर नामक वनस्पतिका प्रयोग किया जाता है। सोमरस इतना शक्तिवर्धक और उल्लासकारक होता था कि उसका पानकर वैदिक ऋषियों को अमरता-जैसी आनन्दानुभूति होती थी - ' अपाम सोमममृता अभूम' (ऋग्वेद)।

इन सोमयागो के तीन प्रमुख भेद थे- एकाह, अहान और सत्रयाग। यह वर्गीकरण अनुष्ठान-दिवसों की संख्याके आधार पर है। सत्रयाग का अनुष्ठान पूरे वर्षभर चलता था। उनमें प्रमुखरूप से ऋत्विग्गण ही भाग लेते थे और यज्ञका फल ही दक्षिणा के रूप में मान्य था। गवामयन भी इसी प्रकार का एक सत्रयाग है, जिसका अनुष्ठान ३६० दिनोंमें सम्पन्न होता है। इसका उपान्त्य ( अन्तिम दिन से पूर्व का ) दिन 'महाव्रत' कहलाता है । 'महाव्रत' में प्राप्य 'महा' शब्द वास्तव में प्रजापतिका द्योतक है, जो वैदिक परम्परा में संवत्सर के अधिष्ठाता माने जाते हैं और उन्हीं पर सम्पूर्ण वर्ष की सुख-समृद्धि निर्भर है । 'महाव्रत' के अनुष्ठानका प्रयोजन वस्तुतः इन प्रजापति को प्रसन्न करना है - 'प्रजापतिर्वाव महाँस्तस्यैतद् व्रतमन्नमेव [ यन्महाव्रतम्' ]।

महाव्रत' के अनुष्ठान के दिन वर्षभर यज्ञानुष्ठान में व्यस्त श्रान्त - क्लान्त ऋत्विग्गण अपना मनोविनोद करते थे। इस दिन यज्ञानुष्ठान के साथ कुछ ऐसे आमोद-प्रमोदपूर्ण कृत्य भी किये जाते थे, जिनका प्रयोजन आनन्द और उल्लासमय वातावरणकी सृष्टि करना है। होलिकोत्सव इसी महाव्रत की परम्परा का संवाहक है। होली में जलायी जाने वाली आग

यज्ञवेदी में निहित अग्निका प्रतीक है। वैदिक युग में इस यज्ञवेदी के समीप एक उदुम्बरवृक्ष ( गूलर ) - की टहनी गाड़ी जाती थी, क्योंकि गूलर का फल माधुर्य गुण की दृष्टि से सर्वोपरि माना जाता है। 'हरिश्चन्द्रोपाख्यान' में कहा गया है कि जो निरन्तर चलता रहता है, कर्ममें निरत रहता है, उसे गूलर के स्वादिष्ठ फल खाने के लिये मिलते हैं- 'चरन् वै मधु विन्देत चरन्स्वादुमुदुम्बरम्' (ऐतरेय ब्राह्मण) । गूलर का फल इतना मीठा होता है कि पकते ही इसमें कीड़े पड़ने लगते हैं। उदुम्बरवृक्ष की यह टहनी सामगान की मधुमयता की प्रतीकात्मक अभिव्यक्ति करती थी। इसके नीचे बैठे हुए वेदपाठी अपनी-अपनी शाखा के मन्त्रों का पाठ करते थे। सामवेद के गायकों की चार श्रेणियाँ थीं- उद्गाता, प्रस्तोता, प्रतिहर्ता और सुब्रह्मण्य। पहले ये सामगान के अपने-अपने भाग को गाते थे, फिर सभी मिलकर एक साथ समवेतरूप से गान करते थे। होलीमें लकड़ियों को चुनने से लगभग दो सप्ताह पूर्व गाड़ी जाने वाली एरण्डवृक्ष की टहनी इसी औदुम्बरी (उदुम्बरकी टहनी) का प्रतीक है। धीरे-धीरे जब उदुम्बरवृक्ष का मिलना कठिन हो गया तो अन्य वृक्षों की टहनियाँ औदुम्बरी के रूप में स्थापित की जाने लगीं। एरण्ड एक ऐसा वृक्ष है, जो सर्वत्र सुलभ माना गया है। संस्कृत में एक कहावत है, जिसके अनुसार जहाँ कोई भी वृक्ष सुलभ न हो, वहाँ एरण्ड को ही वृक्ष मान लेना चाहिये-- 'निरस्तपादपे देशे एरण्डोऽपि द्रुमायते।' उद्गाता तो उदुम्बर काष्ठ से बनी आसन्दी पर ही बैठकर सामगान करता है। सामगाताओं की यह मण्डली महावेदी के विभिन्न स्थानों पर घूम-घूमकर पृथक्-पृथक् सामों का गान करती थी। सामगान के अतिरिक्त महाव्रत- अनुष्ठान के दिन यज्ञवेदी के चारों ओर, सभी कोणों में दुन्दुभि अर्थात् नगाड़े भी बजाये जाते थे- 'सर्व्वासु स्रक्तिषु दुन्दुभयो व्वदन्ति' (ताण्ड्य ब्राह्मण ५।५।१८)। इसके साथ ही जलसे भरे घड़े लिये हुई स्त्रियाँ 'इदम्मधु इदम्मधु' (यह मधु है, यह मधु है), कहती हुई यज्ञवेदी के चारों ओर नृत्य करती थीं- 'परिकुम्भिन्यो मार्जालीयं यन्ति, इदं मध्विति' (ताण्ड्य ब्राह्मण ५।६।१५)। ताण्ड्य ब्राह्मण में इसका विशद विवरण उपलब्ध होता है। उस समय वे निम्नलिखित गीतको गाती भी जाती थीं-

**गावो हाऽऽरे सुरभय इदम्मधु, गावो घृतस्य मातर इदम्मधु।**

इस नृत्य के समानान्तर अन्य स्त्रियाँ और पुरुष वीणावादन करते थे। उस समय प्रचलित वीणाओं के अनेक प्रकार इस प्रसंग में मिलते हैं। इनमें अपघाटिला, काण्डमयी, पिच्छोदरा, बाण इत्यादि मुख्य वीणाएँ थीं। 'शततन्त्री का' नाम से विदित होता है कि कुछ वीणाएँ सौ-सौ तारों वाली भी थीं। इन्हीं शततन्त्री का - जैसी वीणाओं से सन्तूर का विकास हुआ। कल्पसूत्रों में महाव्रत के समय बजायी जाने वाली कुछ अन्य वीणाओं के नाम भी मिलते हैं। ये हैं- अलाबु, वक्रा (समतन्त्रीका, वेत्रवीणा), कापिशीर्णी, पिशीलवीणा (शूर्पा ) इत्यादि। शारदीया वीणा भी होती थी, जिससे आगे चलकर आज के सरोद का विकास हुआ।

होली में दिखने वाली हँसी-ठिठोली का मूल 'अभिगर- अपगर-संवाद' में निहित है। भाष्यकारों के अनुसार 'अभिगर' ब्राह्मणका वाचक है और 'अपगर' शूद्रका। ये दोनों एक- दूसरे पर आक्षेप-प्रत्याक्षेप करते हुए हास-परिहास करते थे। इसी क्रम में विभिन्न प्रकार की बोलियाँ बोलते थे, विशेषरूप से ग्राम्य बोलियाँ बोलने का प्रदर्शन किया जाता था

- 'सर्व्वा त्वाचो वदन्ति संस्कृताश्च ग्राम्यवाचश्च' (ताण्ड्य ब्राह्मण ५।५।२० तथा उसपर सायण- भाष्य )।

महाव्रत के ये विधान वर्षभर की एकरसता को दूर कर यज्ञानुष्ठाता ऋत्विजों को स्वस्थ मनोरञ्जन का वातावरण प्रदान करते थे। यज्ञों की योजना ऋषियों ने मानव-जीवन के समानान्तर की है, जिसके हास-परिहास अभिन्न अङ्ग हैं।

महाव्रत के दिन घर-घरमें विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ठ पक्वान्न बनाये जाते थे-'कुले कुलेऽन्नं क्रियते। ' घर में कोई जब उस दिन पक्वान्नों को बनाये जाने का कारण पूछता था, तब उत्तर दिया जाता था कि यज्ञानुष्ठान करने वाले इन्हें खायेंगे - 'तद् यत् पृच्छेयुः किमिदं कुर्वन्ति इति इमे यजमाना अन्नमत्स्यन्ति इति ब्रूयुः।'

लेकिन हास-परिहास और मौज-मस्ती के इस वातावरण में भी सुरक्षा के संदर्भ को ओझल नहीं किया जाता था। राष्ट्ररक्षा के लिये जनमानस को सजग बने रहने की शिक्षा देने के लिये इस अवसर पर यज्ञवेदी के चारों ओर शस्त्रास्त्र और कवचधारी राजपुरुष तथा सैनिक परिक्रमा भी करते रहते थे।

होली के आयोजन में महाव्रत के इन विधि-विधानों का प्रभाव अद्यावधि निरन्तर परिलक्षित होता है। दोनों के अनुष्ठान का दिन भी एक ही है- फाल्गुनी पूर्णिमा।

प्रारम्भ में उत्सवों और पर्वों का आरम्भ अत्यन्त लघु बिन्दुसे होता है, जिसमें निरन्तर विकास होता रहता है। सामाजिक आवश्यकताएँ इनके विकास में विशेष भूमिका निभाती हैं। यही कारण है कि होली जो मूलतः एक वैदिक सोमयज्ञ के अनुष्ठान से आरम्भ हुआ, आगे चलकर परम भागवत प्रह्लाद और उनकी बुआ होलिका के आख्यान से भी जुड़ गया। गवामयन के अन्तर्गत महाव्रत के इस परिवर्धित और उपबृंहित पर्व-संस्करण में 'नव-शस्येष्टि' (नयी फसलके

अनाज का सेवन करनेके लिये किया गया यज्ञानुष्ठान) तथा मदनोत्सव अथवा वसन्तोत्सवका समावेश भी इसी क्रम में आगे हो गया।

मानव-जीवन में धर्म, अर्थ और मोक्ष के साथ काम भी एक पुरुषार्थ के रूप में प्रतिष्ठित है। 'कामस्तदग्रे समवर्तताधि कहकर वेदों ने भी इसे स्वीकार किया है। नृत्य-संगीत प्रभृति समस्त कलाएँ, हास-परिहास, व्यंग्य-विनोद तथा आनन्द और उल्लास इसी तृतीय पुरुषार्थ के नानाविध अङ्ग हैं। होलिकोत्सव के रूप में हिन्दू-समाज ने मनोरञ्जन को जीवन में स्थान देने के लिये तृतीय पुरुषार्थ के स्वस्थ और लोकोपयोगी स्वरूपको धर्माधिष्ठित मान्यता प्रदान की है, जैसा कि गीता में भगवान् श्रीकृष्णका स्पष्ट कथन है-

धर्माविरुद्धो भूतेषु कामोऽस्मि भरतर्षभ। हे अर्जुन! मैं प्राणियों में धर्मानुकूल काम-प्रवृत्ति हूँ।

ISSN : 2582-6360

















प्रकाशक : **विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान** - कीर्ति नगर, श्याम नगर, सोढाला, जयपुर

**Website :** vgda.in **Youtube :** www.youtube.com/c/vishwagurudeepashram **E-mail :** jaipur@yogaindailylife.org